**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**09.02.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत कल सुबह 11 बजे देशभर के विद्यार्थियों से करेंगे संवाद।
- आयुष मंत्री यादविंदर गोमा ने कहा– नशाखोरी से निपटने के लिए गम्भीरता से कार्य कर रही प्रदेश सरकार।
- भाजपा ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर रेलवे विस्तार के कार्य का झूठा श्रेय लेने का लगाया आरोप।
- ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में मददगार बना हिमईरा प्लेटफॉर्म– एक महीने में देशभर से मिले एक हजार ऑर्डर।

**समाचार विस्तार से**

**परीक्षा पे चर्चा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 10 फरवरी सुबह 11 बजे देशभर के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा के तहत बातचीत करेंगे। इस दौरान देशभर के 36 विद्यार्थी प्रधानमंत्री से सीधे संवाद करेंगे। दूरदर्शन और आकाशवाणी सहित कई प्लेटफार्मों पर इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों के साथ बातचीत करेंगे और परीक्षा की तैयारी, तनाव प्रबंधन सहित व्यक्तिगत विकास पर मार्गदर्शन देंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा विभाग के सचिव संजय कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को परीक्षा को एक उत्सव के रूप में मनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

**गोमा**

आयुष मंत्री यादविंदर गोमा ने कहा है कि राज्य सरकार नशे के सौदागरों से निपटने के लिए गम्भीरता से कार्य कर रही है। कांगड़ा जिला में जयसिंहपुर क्षेत्र के मझेड़ा में आज एक जनसभा में उन्होंने कहा कि वर्तमान में नशा–खोरी समाज के समक्ष एक गम्भीर चुनौती बनी हुई है। यादविंदर गोमा ने लोगों से अपने आस–पास नशे के कारोबार में लिप्त लोगों की जानकारी उन्हें उपलब्ध करवाने का आह्वान भी किया। इससे पहले उन्होंने मझेड़ा में पटवार वृत और पंचायत भवन का लोकार्पण किया।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि केंद्र के प्रयासों से इतिहास में पहली बार हिमाचल प्रदेश में रेलवे विस्तार का कार्य शुरू हुआ है लेकिन कांग्रेस सरकार इस प्रोजेक्ट का झूठा श्रेय लेने का प्रयास कर रही है। एक बयान में उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार इस कार्य को तेजी से आगे न बढ़ाने के लिए इसमें बाधाएं डालने का काम कर रही है जो जनता के हितों के साथ खिलवाड़ है। राजीव बिंदल ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की सभी सीटों पर जमानत जब्त होना इस बात का संकेत है कि कांग्रेस की नीति और नियत जनविरोधी है।

**भाजपा**

दूसरी ओर प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार ने हिमाचल को हर संभव मदद दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के कुछ नेता विधानसभा समिति के दौरे के दौरान भी केंद्र सरकार के बारे में दुष्प्रचार कर रहे है। राकेश जम्वाल ने कहा कि केंद्र ने प्रदेश में प्राकृतिक खेती को विकसित करने के लिए भरपूर मदद की है। उन्होंने कहा कि इसी तरह प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में सौ से अढ़ाई सौ की आबादी वाले गांवों को सड़क से जोड़ने का प्रावधान किया गया है। राकेश जम्वाल ने बताया कि इस योजना में बीते एक वर्ष में हिमाचल प्रदेश को कुल साढ़े तीन हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि उपलब्ध हुई है।

## लोक निर्माण विभाग

लोक निर्माण विभाग प्रदेश के लोगों की जीवन में सुधार लाने और दूरदराज क्षेत्रों को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार सरकार ने दो वर्षों में प्रदेश में एक हजार 3 सौ 76 किलोमीटर सड़कों और एक सौ 19 किलोमीटर क्रॉस ड्रेनेज का निर्माण किया है। इसके अलावा एक हजार 7 सौ 41 किलोमीटर सड़कों की टारिंग की गई है। इन सुविधाओं के मिलने से संबंधित क्षेत्र के लोगों को आवाजाही में आसानी और कई अन्य सेवाओं तक पहुंच सुगम हुई है। इसी अवधि के दौरान 61 गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ा गया है। प्रवक्ता ने बताया कि चुनौतीपूर्ण हालात में रह रहे दूरदराज क्षेत्रों के लोगों के लिए एक सौ 16 पुलों का निर्माण किया गया है।

## विधायक आपके द्वार

पर्यटन निगम के अध्यक्ष आर. एस. बाली ने कहा है कि कल 10 फरवरी से 16 फरवरी तक नगरोटा विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में विधायक आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि कल दस फरवरी को अंबाड़ी और उपरली मजठेली, 11 को चाहड़ी व हटवास, 12 फरवरी को चंद्रोट और मोरठ जसाई, 13 फरवरी को सदरपुर, कलेड़ व 14 फरवरी को रिन और धलूं जबकि 15 फरवरी को लूहना और बरग्रां में विधायक आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## हिमईरा

राज्य सरकार का ई–कॉमर्स प्लेटफार्म हिमईरा ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में मद्दगार साबित हुआ है। महिलाओं को सशक्त और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सृदृढ़ करने की सरकार की इस पहल के उत्साहजनक परिणाम सामने आ रहे है। सरकार की यह पहल ग्रामीण हिमाचल के शिल्प कौशल की समृद्धि और विविधता को देश हर कोने में पहुंचा रही है। और अधिक ब्यौर के साथ यह रिपोर्ट ........

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बीते तीन जनवरी को ई–कॉमर्स प्लेटफार्म हिमईरा को लौंच किया था। एक माह की अवधि में ही इस प्लेटफार्म को उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। हिमईरा के माध्यम से केरल, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के ग्राहकों को अब तक एक हजार से अधिक ऑनलाईन ऑर्डर सफलतापूर्वक वितरित किए जा चुके हैं जोकि प्लेटफार्म की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। ई–कॉमर्स में एकीकरण के साथ स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पाद अब पे.टी.एम. और माय स्टोर प्लेफार्म पर सूचीबद्ध हो रहे हैं जिससे वे देशभर के खरीददारों के लिए सुलभ हो जाते हैं। इस डिजिटल मंच के जरिए प्रदेशभर के 30 हजार स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आजीविका के उन अवसरों तक सीधी पहुंच मिली है जो पहले उनकी पहुंच से बाहर थे। वेबसाइट पर हाथ से बुने हिमाचली वस्त्रों से लेकर शुद्ध और प्राकृतिक खाद्य पदार्थों सहित लगभग 30 उत्पादों की विविधतापूर्ण रेंज उपलब्ध है। ई–प्लेटफॉर्म के माध्यम से बाजार तक पहुंच बढ़ाने की सरकार की पहल से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं भी बेहद उत्साहित हैं। ........... प्रादेशिक समाचार के लिए समाचार कक्ष से मैं सुरेश शर्मा।

## शिमला–पेयजल

शिमला नगर निगम शहर के लोगों को जल्द 24 घंटे पानी की सुविधा प्रदान करेगा। निगम द्वारा जून माह तक सतलुज नदी से पानी लाने की परियोजना का कार्य पूरा होने की संभावना है। इस संबंध में महापौर सुरेंद्र चौहान ने पेयजल कंपनी और बिजली बोर्ड अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि सतलुज नदी से शिमला के सुन्नी शकरोडी से पानी लिफ्ट किया जाना है, जिससे शहर के लोगों को 24 घंटे पानी की सुविधा मिल पाएगी।

## क्रिकेट

सांसद खेल महाकुंभ के तीसरे चरण के तहत हमीरपुर जिले के नादौन में आज क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न हो गई। समापन अवसर पर भाजपा नेता विजय अग्निहोत्री ने कहा कि सांसद अनुराग ठाकुर के प्रयासों से युवाओं में खेलों के प्रति रूची बढ़ी है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास युवाओं को नशे से दूर रखने में कारगार साबित हो रहे हैं। सांसद खेल महाकुंभ के जिला संयोजक कपिल मोहन शामा ने बताया कि हमीरपुर जिले में वॉलीबॉल, कब्बडी व क्रिकेट प्रतियोगिताएं पूरी हो चुकी हैं।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत कल सुबह 11 बजे देशभर के विद्यार्थियों से करेंगे संवाद।

- आयुष मंत्री यादविंदर गोमा ने कहा– नशाखोरी से निपटने के लिए गम्भीरता से कार्य कर रही प्रदेश सरकार।
- भाजपा ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर रेलवे विस्तार के कार्य का झूठा श्रेय लेने का लगाया आरोप।
- ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में मददगार बना हिमईरा प्लेटफॉर्म– एक महीने में देशभर से मिले एक हजार ऑर्डर।